PUBLICATION NAME :	Rashtriya Sahara
EDITION :	Lucknow
DATE :	27/02/2025
PAGE :	07

उद्यमिता की जटिलताओं को समझना जरूरी : डॉ. सुनील

लखनऊ (एसएनबी)। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान का तीन दिवसीय 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन संस्थान परिसर में शुरू हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) टीवी राव, फाउन्डर और चेयरमेन, टीवी राव लर्निंग सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद और भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद के पूर्व प्रोफेसर ने किया। 'उद्यमिता' पर आधारित तीन दिवसीय सम्मेलन 28 फरवरी को संपन्न होगा। सम्मेलन के दौरान 9 से अधिक देशों के विद्वानों द्वारा उद्यामिता के विषयों पर 148 शोध पत्र और अध्ययन प्रस्तुत किए गए।

उद्यमिता पर 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन आयोजित

सम्मेलन में ईडीआईआई के डायरेक्टर जनरल डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि 'द्विवार्षिक सम्मेलन लगातार दुनिया भर के शोधकर्ताओं और शिक्षकों को एक मंच देता है, ताकि वे अपने विचारों और नवाचारों को साझा कर सकें जो उद्यमिता की जटिलताओं को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। अग्रणी शोधकर्ताओं और शिक्षकों को एक साथ लाकर, यह मंच शोध निष्कर्ष के प्रसार को सुगम बनाता है, नए दृष्टिकोणों को बढ़ावा देता है और उद्यमशीलता के भविष्य को आकार देता है, इस प्रकार इच्छुक उद्यमियों को सफल होने के लिए आवश्यक ज्ञान के साथ सशक्त बनाता है।'

सम्मेलन के भाग के रूप, उद्यमिता शिक्षा में नवाचारों पर चर्चा करने के लिए वाइस चांसलर्स/डायरेक्टर्स कॉन्क्लेव भी आयोजित किया गया। देश भर के विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व किया गया, जिसका संचालन प्रोफेसर (डॉ.) हरिवंश चतुर्वेदी, डायरेक्टर जनरल, आईआईएलएम नई दिल्ली ने किया। पैनलिस्ट में प्रोफेसर (डॉ.) दीपक कुमार श्रीवास्तव, डायरेक्ट, भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची, प्रोफेसर (डॉ.) रजत मूना, डायरेक्टर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर, प्रोफेसर (डॉ.) राजुल के. गज्जर, वाइस चांसलर, गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद, प्रोफेसर (डॉ.) रवि पी सिंह, प्रोवोस्ट, अडानी यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद और प्रोफेसर (डॉ.) समीर सूद, डारेक्टर, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, गांधीनगर शामिल थे।